गजानन की मूर्ती को करलो नमन

गणपती बप्पा मोरया
मंगलमूर्ति मोरया
सुखों का ये दाता है,
ये ही भाग्यविधाता है,
गजानन की मूर्ती को करलो नमन,
सोये भाग्य जगेंगे, जय हो...
गजानन की मूर्ती को करलो नमन,
सोये भाग्य जगेंगे,
ओ सब प्यार से कहिये,
जय जय गणपती,
अब चुप ना रहिये,
जय जय गणपती,
ये है गणनायक,
जय जय गणपती,
ये सिद्धिविनायक,
जय जय गणपती,
गजानन की मूर्ती को करलो नमन,
सोये भाग्य जगेंगे, जय हो..
गजानन की मूर्ती को करलो नमन,
सोये भाग्य जागेंगे।

धुप दीप आस्था लगन से जो करेंगे,
भंडार उनके ही खुशियों से भरेंगे,
हर घड़ी पुकारो,
जय जय गणपती,
श्रद्धा से उचारो,
जय जय गणपती,
जग पालन करता,
जय जय गणपती,
हर संकट हर्ता,
जय जय गणपती,
पूजा अर्चना में हर समय रहना मगन,
सोये भाग्य जागेंगे, जय हो..
गजानन की मूर्ती को करलो नमन,
सोये भाग्य जागेंगे।

जिनके घरो में होती इनकी आराधना,
करते है पूरी गौरीसुत मनोकामना,
सदा जपिये माला,
जय जय गणपती,
पा जाओगे उजाला,
जय जय गणपती,

प्रभु चार भुजधारी,
जय जय गणपती,
दाता थाव भयहारी,
जय जय गणपती,
कम होने नहीं देना कभी अपनी लगन,
सोये भाग्य जागेंगे, जय हो...
गजानन की मूर्ती को करलो नमन,
सोये भाग्य जागेंगे।

शम्भू जी के लाल ये कमाल बेमिसाल है,
भक्तो पे सदा ही ये रहते दयाल है,
ये है निर्दोष निर्मल,
जय जय गणपती,
हमे देते है अन्न जल,
जय जय गणपती,
ये है करुणा के सागर,
जय जय गणपती,
हर पथ के है रहबर,
जय जय गणपती,
इनके चरणों में अपना झुका के नमन,
सोये भाग्य जागेंगे, जय हो..
गजानन की मूर्ती को करलो नमन,
सोये भाग्य जागेंगे।

सब प्यार से कहिये,
जय जय गणपती,
अब चुप ना रहिये,
जय जय गणपती,
ये है गणनायक,
जय जय गणपती,
ये सिद्धिविनायक,
जय जय गणपती,
गजानन की मूर्ती को करलो नमन,
सोये भाग्य जागेंगे, जय हो..
गजानन की मूर्ती को करलो नमन,
सोये भाग्य जागेंगे,
गणपती बप्पा मोरया,
मंगल मूर्ती मोरया,
सुखों के ये दाता है,
ये ही भाग्य विधाता है,
सुखों के ये दाता है,
ये ही भाग्य विधाता है,
गणपती बप्पा मोरया,
मंगल मूर्ती मोरया..........

स्वर : नरेन्द्र चंचल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24464/title/gajanan-ki-murti-ko-karlo-naman

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |